**Failure of rabi crop in Biha rdue to acute shortag of Diesel**

**श्रीमती कमला सिन्हा** (बिहार) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आपके माध्यम से मैं सरकार का ध्यान बिहार के किसानों के प्रति आकर्षित करना चाहती हूं। यूं तो कहा जाए कि बिहार, उत्तर प्रदेश एवं आसपास के सभी किसानों की एक ही हालत होगी, तो मैं खास करके बिहार के संबंध में कहना चाहूंगी

आप जाते हैं कि हमारे देश में निश्चित सिचाई योजना, जितनी जमीन है, उसका पांचवा हिस्सा जमीन यानी हर पांच बीघा जमीन में एक बीघा जमीन को निश्चित, एश्योर्ड इरिगेशन के मातहत पानी मिलता है। बाकी समय खेती का काम लिफ्ट इरिगेशन से किया जाता है, जो डीजल के बगैर नहीं हो सकता।

आज आप देश के किसी कोने में चले जायें, मैंने खुद अपनी आंखों से देखा है कि बिहार में एक-एक, डेढ़-डेढ़ मील लम्बी कतारें डीजल की टीन और छोटे-छोटे, बड़े-बड़े बर्तन लेकर किसान परेशान लम्बी लाईनें लगा कर खड़े हैं, पर डीजल मिल नहीं रहा है। ब्लैक में वह बारह, पंद्रह, बीस रुपये तक बिक रहा है।

तो सरकार का इस माने में यह एब्सोल्यूट फेल्योर रहा। सरकार आज अगर रबी के फसल के समय डीजल उपलब्ध नहीं करायेगी, तो रबी का फसल बिलकुल मारा जाएगा। राष्ट्रपति जी ने जो अपने अभिभाषण में कहा कि 175.5 मिलियन टन फूडग्रेंस हमारे देश में इस साल होगा और हम फूडग्रेन के मामले में हमारे भंडार बिलकुल भरे हुए हैं, हमारी अनाज के मामले में कोई कमी नहीं है, हम बिलकुल आत्म-निर्भर हैं, हमारी कोई कमी नहीं होगी।

तो मैं आपके माध्यम से अगाह करना चाहती हूं कि यह जो दावा है, राष्ट्रपति जी ने जिस बात को कहा है, वह बिलकुल गलत साबित होगा।

अगर डीजल पंद्रह दिन के अंदर किसानों को उपलब्ध नहीं कराया गया, तो निश्चित रूप से रबी का फसल मारा जाएगा और हमारा जो टार्गेट है, वह पूरा नहीं होगा।

तो मैं सरकार को काशन भी करना चाहती हूं और आपके माध्यम से यह कहना चाहती हूं कि तत्काल डीजल का राशनिंग करके एट लीस्ट फार्म्स के लिए, खेती के लिए इसको उपलब्ध कराया जाए।

**Manhandling of some sportsmen travellingby Magadh Express, near Buxur**

**श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया** (बिहार) : उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का और सरकार के द्वारा बिहार सरकार का भी ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि पिछली सात फरवरी को मगध एक्सप्रेस जो दिल्ली से जा रही थी, उसे पटना से 70 किलोमीटर इधर बक्सर के पास रोक कर उसमें पंजाब पुलिस के स्पोर्ट्समैन और एथलीट्स सारे जा रहे थे। . . .

आल इंडिया पुलिस एथलीट मीट जो पटना में 14 फरवरी को होनी थी उसको अटेंड करने के लिए जा रहे थे। उनको वहां यात्रियों और कुछ असामाजिक तत्वों ने मिलकर उन्हें एक्सट्रीमिस्ट्स, आतंकवादी बताकर उनके साथ में एक लड़ाई-झगड़े का रवैया तैयार किया और उन्हें आतंकवादी बताकर बहुत मारा और उन्हें लूट लिया। उपसभाध्यक्ष महोदय, शर्म तो इस बात पर आती है कि जहां वहां उपस्थित पुलिस थी उस पुलिस को इन पंजाब पुलिस के एथलीटों ने अपना परिचय-पत्र भी दिखाया और परिचय-पत्र दिखाने के बावजूद भी बिहार की पुलिस ने उनको अपने संरक्षण में लेकर उनकी मदद नहीं की और अपनी आंखों के सामने देखते रहे कि वह लोगों द्वारा पीटते रहे और लूटते रहे इतना ही हो जाता तो शायद कुछ कम होती, बक्सर स्टेशन से जब गाड़ी छूटी और यह झगड़ा बढ़ता गया। किसी एक ... ने बक्सर स्टेशन से दो किलोमीटर बाद एक गांव के सामने उस गाड़ी की चैन खींच दी, चैन पुल कर दी और चेन पुल करके गांव के सामने गाड़ी रोक दी। गांव के लोग भी

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया]

इकट्ठे हो गये और सब ने वहां हुल्ला मचा दिया कि ये आतंकवादी हैं और ये ट्रेन को उड़ाने आए थे। वे बार-बार अपना परिचय-पत्र दिखा रहे थे और उनके परिचय-पत्र फाड़ डाले गए और उनको बेरहमी से मारा गया। वे जख्मी हो गए। उनके साथ जो स्पोर्ट्स किट थे वे सारे छीन लिए गए। कुछ उसमें हाकी के प्लेयर्ज थे। उनकी हाकी स्टिक्स छीन कर उसी हाकी स्टिक्स से मार कर उनको एकदम जख्मी कर दिया गया।

महोदय, मैंने यह खबर सुनने के बाद मुख्य मंत्री श्री लालू प्रसाद यादव को एक पत्र लिखा था। उस पत्र में यह बात कही थी कि आपको मैं याद दिलाना चाहता हूं कि पिछले साल 24 दिसम्बर के दिन गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म उत्सव पर पटना साहिब जो कि उनका जन्म-स्थान है और हरेक बिहारी गर्व से कहता है कि गुरु गोविन्द सिंह जो सिखों के दसवें गुरु हैं, जिन्होंने सिख धर्म की स्थापना की है उनका जन्म पटना में हुआ है, उस धरती पर खड़े होकर लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि आज के दिन के बाद मैं देखूंगा कि ये माइनारिटी में रहते हुए सिख कभी भी अपने आपको माइनरिटी में फील नहीं करें और यह फील करें कि वे एक सुरक्षित जगह में रहते हैं। अगर ऐसी ही रक्षा लालू प्रसाद यादव सिखों को देने जा रहे हैं तो सिखों को तो शायद सोचना पड़ेगा कि बिहार उनके लिए सुरक्षित है या नहीं, जहां सरेआम जबकि एक पुलिस पर्सनल अपना आई कार्ड दिखाकर भी पुलिस से प्रोटेक्शन नहीं ले सकता है तो साधारण आदमी जब अपना परिचय-पत्र देगा तो उसको कहां से संरक्षण मिलेगा ?

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा और यह मांग करूंगा कि अब तक बताया जाए कि कितने लोग गिरफ्तार हुए हैं ? अभी तक कोई गिरफ्तार नहीं हुआ जबकि वहां सूचना दी गई, एफ.आई.आर. फाईल किया गया। कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। उसके साथ क्योंकि जिस इलाके से ट्रेन गुजरती है वहां पर ला एंड आर्डर की प्राब्लम जो भी होती है वह राज्य सरकार की होती है और राज्य सरकार की क्या जिम्मेदारी थी और मैंने इस पत्र के साथ-साथ यह भी लिखा था कि 14 फरवरी से यह खेल शुरू हो रहे हैं, सारे खिलाड़ी वहां पर उपस्थित हैं, कम से कम उनसे मिलकर बिहार सरकार का कोई आफिसर उनसे मिलकर मआफी मांगे और जाकर बताए कि यह गलत हुआ है इस पर आवश्यक कार्यवाही होगी। पर कुछ नहीं हुआ। अभी तक कोई भी बिहार का आफिसर न उनसे मिला और न उनसे कोई बात-चीत की है। यह बड़े दुर्भाग्य की बात है। यही पर पता लगता है कि गुरु गोबिंद सिंह जी के जन्म स्थान पर खड़े होकर लालू प्रसाद यादव, मुख्य मंत्री, बिहार ने जो बातें कही थीं उनकी कथनी और करनी में बहुत फर्क है और यह बड़ी शर्मनाक बात है। मैं इसकी भर्त्सना करता हूं और सरकार से मांग करता हूं कि इसकी इन्क्वायरी करनी चाहिए। धन्यवाद।

श्रीमती कमला सिन्हा (बिहार) : यह जो बक्सर में घटना घटी है यह बहुत दुखद घटना है और शर्मनाक घटना है, लेकिन क्या यह घटना बिहार सरकार के आदेश से हुई थी ? अहलुवालिया जी क्या कहना चाहते हैं ?

THE VICE CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): No, he need not reply to the questions.

---

## MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS

श्री विश्वासराव राम राव पाटिल (महाराष्ट्र) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष जी, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर आपने मुझे मोशन मूव करने का जो अवसर दिया है, मैं उसके लिए आपका शुक्रगुजार हूं। महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर सहर्ष गौरव का अनुभव करते हुए मैं यह धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं :